एक कदम स्वच्छता की ओर

दिनांक 12.03.2018

स्वच्छ भारत अभियान **स्वच्छ एवं सुदर भिलाई**

लोक सुराज अभियान 2018 लक्ष्य समाधान का तृतीय चरण
माननीय जिलाधीश श्री उमेश अग्रवाल ने दुर्ग जिले के नगरीय निकाय के अधिकारियों की बैठक ली गई।

भिलाईनगर/ कलेक्टर श्री उमेश अग्रवाल ने निगम भिलाई सभागार में नगरीय निकाय के नगर निगम, नगर पालिका एवं नगर पंचायत के आयुक्त मुख्य नगर पालिक अधिकारी एवं समस्त नोडल अधिकारी जो सीधे लोक सुराज अभियान 2018 अभियान में संलग्न है। इनकी बैंठक आज दोपहर 3.00 बजे निगम सभागार में संपन्न हुई। जिलाधीश श्री अग्रवाल ने उपस्थित सभी अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि आप लोग शिविर के माध्यम से प्राप्त आवेदनों के संबंध में योजना संबंधित मांग, निर्माण कार्य एवं शिकायत मांग की सूची निर्धारित प्रारूप में पूर्ण जानकारी के साथ कलेक्टर कार्यालय में अनिवार्य रूप से आज जमा करें। योजना, लोक निर्माण एवं शिकायत संबंधित मांग के निराकरण करने के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए उन्होनें कहा कि जो पात्र हितग्राही के अतिरिक्त ऐसे हितग्राही जो उस योजना का लाभ के पात्र हो छुट गए है। ऐसे हितग्राहियों के आवेदनों को पुनः अवलोकन कर निराकरण करने की दिशा में कार्य सुनिश्चित करें।

बैंठक के दौरान उपस्थित अधिकारियों के द्वारा लोक सुराज अभियान 2018 शिविर के माध्यम से प्राप्त आवेदनों के निराकरण के संबंध में जानकारी प्रस्तुत की गई। तथा निर्धारित कोशवारा में तैयार की गई जानकारी को माननीय कलेक्टर महोदय, द्वारा अवलोकन किया गया। आज की बैंठक में मुख्य रूप से राजस्व, श्रम विभाग, महिला एवं बाल विकास, स्मार्ट कार्ड, आधार पंजीयन, अजीविका मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, खाद्य नागरिक अपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण, लोककर्म विभाग, समाज कल्याण विभाग, बैंक एवं स्वरोजगार ऋण, स्वास्थ्य विभाग, मजदूर कार्ड, जन्म –मृत्यु विवाह पंजीयन, गुमास्ता एवं शासन के जन कल्याणकारी योजनाए जो आम जनता से सीधी जुडी हुई है। इसकी पूरी जानकारी के साथ शिविर स्थल पर संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी शिविर स्थल में उपस्थित रहकर शिविर में पहुॅच रहे नागरिकों को इन सभी योजनाओं के संबंध में जानकारी देवें साथ ही आवश्यकता अनुसार आवेदक के मांग अनुरूप मौके पर ही निराकरण करने की दिशा में पहल करें।

आज की बैंठक में कलेक्टर श्री उमेंश अग्रवाल, निगम आयुक्त श्री के.एल. चौहान, एस.डी.एम. श्री संजय अग्रवाल, डिप्टी कलेक्टर श्री कैलाश वर्मा, राजस्व अधिकारी श्री हेमन्त चन्द्राकर, दुर्ग एवं भिलाई चरोदा निगम आयुक्त मुख्य नगर पालिका अधिकारी सहित नगर पंचायत के नोडल अधिकारी एवं नगर निगम, भिलाई के सभी जोन के जोन आयुक्त एवं नोडल अधिकारी उपस्थित थे।

जन सम्पर्क अधिकारी

निगम भिलाई